दिनांक-03.06.2025 को आहूत सशक्त स्थायी समिति की 15वीं साधारण बैठक माननीया महापौर, श्रीमती सीता साहू की अध्यक्षता में हुई, जिसमें निम्नांकित माननीया / माननीय सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया,जिसकी उपस्थिति निम्न प्रकार है:-

1. **श्रीमती सीता साहू** - **महापौर, पटना नगर निगम।**
2. श्रीमती रेशमी कुमारी - उप-महापौर, पटना नगर निगम।
3. श्रीमती श्वेता राय - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
4. श्रीमती कांति देवी - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
5. श्रीमती कावेरी सिंह - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
6. श्री आशीष कुमार सिन्हा - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
7. श्री इन्द्रदीप कुमार चन्द्रवंशी - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
8. श्री मनोज कुमार - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
9. श्री बिनोद कुमार - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।

<u>निगम प्रशासन</u>

1. **श्री अनिमेष कुमार पराशर, भा.प्र.से.** - **नगर आयुक्त, पटना नगर निगम**
2. श्री आशीष कुमार - अपर नगर आयुक्त, पटना नगर निगम
3. श्री रामाशीष शरण तिवारी - उप-नगर आयुक्त-सह-नगर सचिव।
4. श्री प्रदीप कुमार राय - उप-नगर आयुक्त
5. श्री सुशील कुमार झा - निदेशक, शहरी योजना, पटना नगर निगम
6. श्री बिन्दु रजक - मुख्य नगर अभियंता, पटना नगर निगम
7. श्री अनिल कुमार - कार्यपालक अभियंता, मुख्याल/जलापूर्ति शाखा
8. श्री विभूति चन्द्र - कार्यपालक अभियंता, बॉकीपुर प्रमंडल
9. श्री राम स्वरूप प्रसाद - कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी प्रमंडल
10. श्री आशीष प्रसाद - कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल
11. श्री अवधेश कुमार सिंह - निजी सहायक
12. श्री विलास मांझी - निजी सहायक

सीता साहू
महापौर
पटना नगर निगम



Maurya Lok Complex, Budha Marg, Patna, Bihar- 800001, T- +91-612-2200691, E- patnamc-mc-bih@gov.in, pmc.bihar.gov.in
facebook.com/cityofpatna, twitter.com/cityofpatna, instagram.com/cityofpatna, youtube.com/cityofpatna, 947 222 3909

**अध्यक्ष :-** बैठक में उपस्थित उप-महापौर, सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्य, नगर आयुक्त एवं उपस्थित सभी पदाधिकारियों का मैं स्वागत करती हूँ। बैठक की कार्यवाही शुरू की जाय।

**नगर आयुक्त :-** माननीया महापौर,उप-महापौर, सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्यों तथा पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत है।
नगर सचिव, कार्यसूची को पढ़ें।

**मद संख्या-01 :-** **दिनांक-10.05.2025 को आहूत सशक्त स्थायी समिति की 14वीं साधारण बैठक की कार्यवाही सम्पुष्टि के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** सम्पुष्टि का प्रस्ताव है, स्पष्ट है, करें।

**श्री मनोज कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, कार्यवाही अप्राप्त है, सम्पुष्टि हेतु कार्यवाही को अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-02 :-** **वार्ड संख्या-21 स्थित अदालतगंज के इस्कॉन मंदिर प्रवेश द्वार में पेभर ब्लॉक लगाने के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** वार्ड संख्या-21 के अन्तर्गत इस्कॉन मंदिर के प्रवेश द्वार में पेभर ब्लॉक लगाने का प्रस्तव है, स्पष्ट करें।

**कार्य0अभि0 नू0प्रमंडल :-** माननीया अध्यक्ष महोदया इस्कॉन मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने रोड आर0सी0डी0 का है और वहाँ बिटुमिनस सड़क का निर्माण कर दिया गया है। वहाँ पेभर ब्लॉक लगाने का स्थान नहीं है।

**श्री मनोज कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, इस्कॉन मंदिर के पीछे वाले भाग में सड़क पर पेभर ब्लॉक लगाने का प्रस्ताव दिया गया था। वहाँ पर पेभर ब्लॉक लगाने की कार्रवाई की जाय।

महापौर
पटना नगर निगम

नगर आयुक्त :- कार्यपालक अभियंता, नूतन प्रमंडल इस्कॉन मंदिर के पीछे वाले भाग का प्राक्कलन सहित संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-03 :- पटना नगर निगम क्षेत्र में वाल पेंटिंग हेतु स्थल की सूची, क्षेत्रफल एवं मापी के साथ उपलब्ध करायें।**

अध्यक्ष :- इस मद का संलेख अप्राप्त है।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, निगम क्षेत्र में वाल पेंटिंग हुआ है। किस-किस क्षेत्र में वाल पेंटिंग कराया गया है। उसका नापी/आकलन कर संलेख अगली बैठक में निश्चित रूप से लाया जाय।

**श्री मनोज कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, वाल पेंटिंग का प्रस्ताव काफी दिनों लंबित है। जिसके कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। सभी अंचलों एवं प्रमंडलों से वाल पेंटिंग की नापी सहित सूची प्राप्त किया जाय।

**नगर आयुक्त :-** सभी कार्यपालक पदाधिकारी/अभियंता को निर्देश दिया जाता है कि जिन-जिन स्थानों पर वाल पेंटिंग कराया गया है। उसका विस्तृत विवरण /नापी सहित मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाय। कार्यपालक अभियंता, मुख्यालय वॉल पेंटिंग का आकलन कर संलेख अगली बैठक में उपस्थापित करें।

**मद संख्या-04 :- वार्ड संख्या-57 स्थित अजीमाबाद कार्यालय के पूर्वी गेट के पास उच्च प्रवाही बोरिंग स्थापित करने के संबंध में।**

अध्यक्ष :- इस मद का संलेख अप्राप्त है।

**श्री बिनोद कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-57 में पानी कि काफी समस्या है। अजीमाबाद अंचल कार्यालय के पूर्वी गेट के पास बोरिंग अधिष्ठापन का प्रस्ताव है। बोरिंग ऐसी जगह हो जिसका गेट अंचल



महापौर
पटना नगर निगम

कार्यालय के अन्दर में न खुलकर बाहर की ओर खुले। इस आशय का संलेख अगली बैठक में रखा जाय।

**मद संख्या-05 :-** **वार्ड संख्या-69 के अन्तर्गत भैसानी टोला, बड़ी बगीचा रेलवे लाईन के पश्चिम निगम भूखंड पर ओ0पी0साह सामुदायिक भवन के पीछे उच्च प्रवाही बोरिंग निर्माण के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस मद का संलेख अप्राप्त है।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियंता वार्ड संख्या-69 के अन्तर्गत भैसानी टोला, बड़ी बगीचा रेलवे लाईन के पश्चिम निगम भूखंड पर सामुदायिक भवन के पीछे उच्च प्रवाही बोरिंग अधिष्ठापन स्थल जाँच करें।

**श्री मनोज कुमार :-** बोरिंग अधिष्ठापन के लिए स्थल की जाँच हो गयी है। प्राक्कलन एवं टी0एस0 अभी तक नहीं हुआ है।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी प्रमंडल बोरिंग अधिष्ठापन के लिए एक-दो दिन में टी0एस0 प्राप्त करने की कार्रवाई करें।

**मद संख्या-06 :-** **वार्ड संख्या-07 के अन्तर्गत पटेल नगर, उर्जा पार्क में हाई यील्ड बोरिंग अधिष्ठापन के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस मद का संलेख अप्राप्त है।

**नगर आयुक्त :-** पेय जल समस्या को देखते हुए बोरिंग अधिष्ठापन की कार्रवाई में तेजी लाई जाय।

**मद संख्या-07 :-** **गाँधी सरोवर( मंगल तालाब ) के लिंक पथ रोड का नाम रेड क्रास सोसाईटी के नाम पर नामकरण करने के संबंध में।**

महापौर
पटना नगर निगम

**अध्यक्ष :-** रेड क्रास सोसाईटी के नाम पर नामकरण करने का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एक अन्तराष्ट्रीय संस्था है। इसकी सभी गतिविधिया लोगो के कल्याण के लिए होती है। गाँधी सरोवर स्थित मातृ शिशु कल्याण केन्द्र जो राजभवन के द्वारा इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, पटना सिटी शाखा को अत्याधुनिक ब्लड बैंक संचालन हेतु आवंटित किया गया है। ब्लड बैंक के संचालन से पटना साहिब, एवं इसके आस-पास ग्रामिण क्षेत्रों के असहाय एवं जरूरतमंद लोगो का आना-जाना हमेशा लगा रहेगा। ज्ञातव्य है कि दिल्ली में संसद भवन के बगल के रोड का नाम भी रेडक्रॉस सोसाइटी रोड है।

अतः उक्त के आलोक में गाँधी सरोवर (मंगल तालाब) के लिंक रोड का नाम रेड क्रॉस सोसाइटी रोड के नाम से नामकरण करने हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष विमर्श एवं निर्णय हेतु रखा गया है।

**श्री मनोज कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, गाँधी सरोवर से मिलने वाले लिंक पथ का नाम रेड क्रॉस सोसाइटी के नाम नामकरण का प्रस्ताव है, इसे पारित किया जाय।

**श्री बिनोद कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ। इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

**प्रस्ताव संख्या-407 :-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गाँधी सरोवर( मंगल तालाब) के लिंक पथ रोड का नाम रेड क्रास सोसाईटी के नाम पर नामकरण करने के प्रस्ताव के सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।**

महापौर
पटना नगर निगम

**मद संख्या-08 :-** **पटना नगर निगम के सभी श्रोतों से कितने राजस्व की प्राप्ति हुई है, पूर्ण विवरण के साथ, तथा राजस्व बढ़ाने हेतु क्या उपाय किये जा रहें है। पूर्ण विवरण के साथ उपस्थापित करें।**

**अध्यक्ष :-** राजस्व संग्रहण का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** वित्तीय वर्ष निगम में कुल 20 मदों से दिनांक-01.04.2024 से 31.03.2025 तक 177.410 करोड़ रू0 की प्राप्ति हुई है इसके अतिरिक्त स्टॉप ड्यूटी से 63.06 करोड़ रू0 प्राप्त हुए है। राजस्व संग्रहण के लिए प्रचार-प्रसार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

**डा0 आशीष कु0 सिन्हा :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, निगम के आय का एक बड़ा स्रोत विज्ञापन है जिस पर प्रभावी ढंग से कार्य नहीं हो रहा है। विज्ञापन कर से भी अधिक आय प्राप्त होने की संभावना है। पी0आर0डी0 की सम्पत्ति कृष्णा नगर, राजेन्द्र नगर एवं बेउर स्थित सम्पत्ति को फ्री होल्ड करने पर आय प्राप्त होने का अनुमान है। पिछले बैठक में 10 प्रतिशत राशि लेकर फ्री होल्ड करने का प्रस्ताव था। इस प्रस्ताव को निगम द्वारा सरकार में भेजा गया है। जो अभी तक सरकार के स्तर से लंबित है।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, निगम क्षेत्र में कई व्यवसायियों द्वारा छोटे-बड़े व्यवसाय किया जा रहा है। जिसके लिए वे ट्रेड लाईसेंस के लिए अंचल कार्यालय एवं मुख्यालय में भटकते रहते है। यह बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 के तहत निगम को देना है।

**नगर आयुक्त :-** सभी कार्यपालक पदाधिकारी अपने-अपने अंचल क्षेत्र में ट्रेड लाईसेंस की मांग करने वाले को लाईसेंस निर्गत करें। लाईसेंस निर्गत करने हेतु आज ही प्रस्ताव पारित किया जाय।

महापौर
पटना नगर निगम

**डा0 आशीष कु0 सिन्हा :-** माननीय अध्यक्ष महोदया, ट्रेड लाईसेंस के लिए प्रस्ताव पारित किया जा सकता है।

**श्री बिनोद कुमार :-** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ। इस प्रस्ताव को पारित किया जा सकता है।

**श्री मनोज कुमार :-** माननीय अध्यक्ष महोदया, इस प्रस्ताव को पारित किया जा सकता है।

**श्रीमती श्वेता राय :-** माननीय अध्यक्ष महोदया, इस प्रस्ताव को पारित किया जा सकता है।

**श्रीमती कावेरी सिंह :-** माननीय अध्यक्ष महोदया, इस प्रस्ताव को पारित किया जा सकता है।

**उप-महापौर :-** माननीय अध्यक्ष महोदया, ट्रेड लाईसेंस व्यापारियों के लिए आवश्यक है। इसके आधार पर वे बैंक से लोन प्राप्त कर सकते है। यह प्रस्ताव जनहित में है, इसे पारित किया जाय।

प्रस्ताव संख्या-408:- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बिहार नगरपालिका अधिनियम,2007 के तहत निगम एवं जनहित में ट्रेड लाईसेंस निर्गत करने के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।**

**मद संख्या-09 :- 01 जनवरी2023 से जनवरी,2025 तक व्यय का विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** व्यय विवरण समीक्षा का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** पटना नगर निगम के विभिन्न मदों में 01.01.2023 से 31.12.2024 तक निम्न रूप से राशि का व्यय किया गया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

महापौर
पटना नगर निगम

## Patna Municipal Corporation

| S.No | Expenditure Details | 01.01.2023 to 31.12.2023 | 01.01.2024 to 31.12.2024 |
|---|---|---|---|
| 1 | Establishment Expenses | 2,23,28,08,032.00 | 2,41,53,97,721.00 |
| 2 | Interest & Finance Charges | 18,31,471.51 | 7,56,152.00 |
| 3 | Programme Expenses | 17,88,13,888.00 | 18,51,25,239.00 |
| 4 | Adminstrative Expenses | 15,89,05,878.00 | 13,19,19,900.00 |
| 5 | Operations And Maintenance | 1,71,70,39,714.50 | 2,17,38,05,172.00 |
| | Total Expenditure | 4,28,93,98,984.01 | 4,90,70,04,217.26 |

**मद संख्या-10 :-** **वार्ड संख्या-66 के अन्तर्गत श्री श्याम इन्फोटेक कार्यालय से श्री विमल किशोर के घर तक आर0सी0सी0 नाला एवं सड़क का निर्माण।**

**अध्यक्ष :-** आर0सी0सी0 नाला एवं सड़क निर्माण कार्य का प्रस्ताव है।

**नगर आयुक्त :-** माननीय वार्ड पार्षद द्वारा वहाँ के आमलोंगो की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सड़क/नाला निर्माण हेतु निवेदित किया गया, जिसके आलोक में संबंधित अभियंताओं द्वारा स्थल निरीक्षणोपरान्त प्राक्कलन तैयार किया गया है, जिसकी विवरणी निम्न है :-

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount |
|---|---|---|
| 1. | **Construction of PCC Road & RCC Drain From Sri Shyam Incotech office to sri Vimal Kishore House in ward No-66 Under Patna city Division, PMC, Patna.** | **20,82,314-00** |

अत: वर्णित योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष विमर्श एवं निर्णय हेतु रखा गया है।

महापौर
पटना नगर निगम

डा0 आशीष कु0 सिन्हा :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह जनहित का प्रस्ताव है, इसे पारित किया जाय।

श्री बिनोद कुमार :- माननीया अध्यक्ष महोदया, बरसात के दिनों में वहाँ पानी जमा हो जाता है, जिससे आम नागरिकों को आने-जाने में काफी समस्या होती है, इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

प्रस्ताव संख्या-409 :- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-66 के अन्तर्गत श्री श्याम इन्फोटेक कार्यालय से श्री विमल किशोर के घर तक आर0सी0सी0 नाला एवं सड़क निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है, जो निम्नवत् है:-**

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount |
|---|---|---|
| 1. | Construction of PCC Road & RCC Drain From Sri Shyam Incotech office to sri Vimal Kishore House in ward No-66 Under Patna city Division, PMC, Patna. | 20,82,314-00 |

मद संख्या-11 :- **Gratitude for Your continued Support and Request for collaboration in Gangotsav 2025 and gangiyot marathon 2025**

अध्यक्ष :- गंगोत्सव एवं गंगेज्योति का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

डा0 आशीष कु0 सिन्हा :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह धार्मिक कार्य का प्रस्ताव है। इसकी स्वीकृति दी जा सकती है।

श्री बिनोद कुमार :- माननीया अध्यक्ष महोदया, पटना सिटी के कंगन घाट पर सनातनी गंगा फाउंडेशन एवं आई0डी0पी0टी0एस0 के संयुक्त तत्वाधान में ग्यारह दिवसीय गंगोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है।



महापौर
पटना नगर निगम

नदियों के इस अन्तराष्ट्रीय महोत्सव में सम्पूर्ण भारत की संस्कृति झलक कला एवं संस्कृति के द्वारा दर्शायी जाएगी। पहली बार एक हजार एक सौ ग्यारह महिलाओं का महागंगा कला आरती एक अद्वितीय एवं एतिहासिक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। अतः मेरा सुझाव है कि इस कार्यक्रम के लिए पाँच लाख रू0 सहयोग राशि दिया जा सकता है।

**श्री मनोज कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ। इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

**श्रीमती कावेरी सिंह** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ। इस प्रस्ताव को पारित किया जा सकता है।

**श्रीतमी श्वेता राय** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं भी माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ। इस प्रस्ताव को पारित किया जा सकता है।

**नगर आयुक्त** :- गंगोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाया जाय।

**प्रस्ताव संख्या-410** :- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पटना सिटी के कंगन घाट स्थित गंगोत्सव कार्यक्रम 2025 के लिए सहयोग राशि के रूप में 05 लाख ( पाँच लाख ) रू0 भुगतान करने के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है**

**मद संख्या-12** :- **वार्ड संख्या-65 के अन्तर्गत खाजेकला पानी टंकी स्थित निगम भूमि ( जलापूर्ति शाखा ) को चाहरदिवारी एवं आधुनिक विवाह भवन निर्माण के संबंध में।**

**अध्यक्ष** :- आधुनिक भवन निर्माण का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त** :- कार्यपालक अभियंता, अजीमाबाद प्रमंडल, स्पष्ट करें।

**कार्य0अभि0अ0अं.** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-65 के अन्तर्गत खाजेकला पानी टंकी स्थित निगम भूमि अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है।



महापौर
पटना नगर निगम

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किया गया है। अतिक्रमण हटाने के बाद आधुनिक विवाह भवन निर्माण की कार्रवाई की जाएगी।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी**:- माननीया अध्यक्ष महोदया, अतिक्रमण हटाने के बाद उस स्थल पर चाहरदिवारी एवं आधुनिक विवाह भवन निर्माण के प्रस्ताव को सैद्धान्तिक स्वीकृति दी जा सकती है। इस आशय का प्राक्कलन तैयार कर संलेख अगली बैठक में रखा जाय।

**मद संख्या-13** :- **अजीमाबाद अंचल के बाहर आधुनिक वेंडिंग जोन का निर्माण।**

**अध्यक्ष** :- इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

**डा0 आशीष कु0 सिन्हा** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, अजीमाबाद अंचल के बाहर निगम का भूखंड है। जहाँ यत्र-तत्र सब्जी बिक्रेता एवं अन्य लोग अपने सामनों का बिक्री करते है। मेरा सुझाव है कि उस जगह पर कदम कुआँ के तरह आधुनिक वेंडिंग जोन का निर्माण कराया जाय। वहाँ पर भी वेंडिंग जोन निर्माण होने जाम से मुक्ति मिलेगी।

**श्री मनोज कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, मेरा सुझाव है कि जहाँ-जहाँ सब्जी मंडी लग रही है और वहाँ निगम का भूमि उपलब्ध है वहाँ पर वेंडिंग जोन का निर्माण कराया जाय।

**नगर आयुक्त** :- वार्ड संख्या-38 कदम कुआँ में जो जो वेंडिंग जोन का निर्माण किया गया है। वह उदाहरण स्वरूप है। अब वहाँ पर आवागमन की समस्या नहीं है।

कार्यपालक अभियंता, अजीमाबाद प्रमंडल प्रस्तावित स्थल पर वेंडिंग जोन बनाने हेतु डी0पी0आर0 तैयार करें। इस आशय का संलेख तैयार कर अगली बैठक में उपस्थापित करें।

महापौर
पटना नगर निगम

मद संख्या-14 :- **बेली रोड, शेखपुरा स्थित सब्जी बिक्रेताओं के लिए वेंडिंग जोन का निर्माण।**

अध्यक्ष :- वेंडिंग जोन का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

नगर आयुक्त :- कार्यपालक अभियंता, नूतन राजधानी प्रमंडल, स्पष्ट करें।

कार्य0अभि0 नू0रा0प्रमंडल:- माननीया अध्यक्ष महोदया, माननीय पार्षद द्वारा जो वेंडिंग जोन के लिए प्रस्ताव दिया गया है। वहाँ पर जगह उपलब्ध नहीं है। वर्णित स्थल पर पथ निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव है।

मद संख्या-15 :- **वार्ड संख्या-67 के अन्तर्गत कैमाशिको के दलित बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में।**

अध्यक्ष :- इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

नगर आयुक्त :- माननीया अध्यक्ष महोदया, सामुदायिक भवन के लिए अगर जगह उपलब्ध है तो इसकी सैंद्धान्तिक स्वीकृति दी जा सकती है। कार्यपालक अभियंता स्थल जाँच कर डी0पी0आर0 तैयार करें

मद संख्या-16 :- **पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बेली रोड, शेखपुरा एवं वार्ड संख्या-14 में साधनापुरी स्थित सांई मन्दिर के निकट आधुनिक वेंडिंग जोन का निर्माण।**

अध्यक्ष :- **वार्ड संख्या-14 में साधनापुरी स्थित सांई मन्दिर के निकट आधुनिक वेंडिंग जोन निर्माण का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।**

नगर आयुक्त :- वार्ड संख्सा-14 स्थित साधनापुरी, सांई मंदिर के निकट आधुनिक वेंडिंग जोन का निर्माण हेतु के संबंध में कार्यपालक



महापौर
पटना नगर निगम

अभियंता, नूतन राजधानी प्रमंडल, पटना नगर निगम द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि वर्णित स्थल पर आधुनिक वेंडिंग जोन के निर्माण हेतु काफी छोटा स्थल उपलब्ध है।

**श्री बिनोद कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, मेरा सुझाव है कि हर जगह आधुनिक वेंडिंग जोन बनाना संभव नहीं है। जितना जगह उपलब्ध हो उसी के अनुसार छोटा वेंडिंग जोन का निर्माण कराया जा सकता है। जिससे सड़क पर होने वाले जाम से मुक्ति मिल सके।

**मद संख्या-17 :-** **वार्ड संख्या-30 स्थित दशरथा स्थित निगम भूखंड पर आधुनिक वेंडिंग जोन का निर्माण।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

**नगर आयुक्त :-** वेंडिंग जोन का प्रस्ताव अच्छा है। वेंडिंग जोन बनने से सड़कों पर से अतिक्रमण हटेगा। वेंडिंग जोन छोटा हो पर सुन्दर बने। जिस तरह आर्यकर गोलम्बर के पास बना है। इस प्रस्ताव को अगली बैठक में लाया जाएगा।

**मद संख्या-18 :-** **स्वतंत्रता सेनानी, निःशुल्क चिकित्सक डा0 देवकीनन्द सिंह के नाम पर पहाड़पुर रोड का नाम डा0 देवकी पथ के नाम से नामकरण के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियंता नामकरण के प्रस्ताव को स्थल पर जाकर जाँच करें वहाँ के लोंगो से नामकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त करें। जिस व्यक्ति के नाम से नामकरण होना है के संबंध में जानकारी प्राप्त करें। पुर्नसमीक्षा के साथ संलेख रखें।

सीता साहु
महापौर
पटना नगर निगम

मद संख्या-19+20+37 :- **वार्ड संख्या-68, 62 एवं 52 के अन्तर्गत डीलक्स सार्वजनिक शौचालय का निर्माण।**

**अध्यक्ष** :- वार्ड संख्या-68, 62 एवं 52 के अन्तर्गत डीलक्स सार्वजनिक शौचालय निर्माण का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त** :- पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत शौचालयों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। निम्न स्थल पर आमलोंगो के साथ-साथ श्रद्दालुओं का आवागमन काफी होता है, शौचालय के निर्माण हो जाने से इनलोगों को नागरिक सुविधा उपलब्ध कराया जा सकता है। इसी को ध्यान में देखते हुए पटनावासियों को नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध कराये जाने हेतु अजीमाबाद के अभियंताओं द्वारा मॉडल प्राक्कलन तैयार किया गया है, जिसकी स्वीकृति प्राप्त है। स्वीकृत मॉडल प्राक्कलन के अनुसार निम्न स्थल पर शौचालय का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, जिसकी विवरणी निम्न है :-

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount |
|---|---|---|
| 1. | Construction of Deluxe Public Toilet (Size 50'x12') Near Bahari Dhawalpura Shanidev Mandir Under Ward no-68 Under Patna City Division , PMC, Patna. | 29,52,655.00 |
| 2. | Construction of Deluxe Public Toilet (Size 50'x12') at R,O.B. Pull Patna city Division under Ward no 62 Under Patna City Division , PMC, Patna. | 45,81,454.00 |
| 3 | Construction of Deluxe Public Toilet (Size 30'x30') with 01 year operation and Maintenance in Raja Ghat in Ward no-52 Under Azimabad Division , PMC, Patna. | 36,13,139.00 |

इन सभी शौचालय में महिला एवं पुरूष के लिए बेहतर सुविधा प्रावधानित है। अतः उक्त के आलोक में वर्णित योजना की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सशक्त स्थायी समिति से विमर्श एवं निर्णय हेतु रखा गया है।

महापौर
पटना नगर निगम

**श्री बिनोद कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह जनहित का प्रस्ताव है, इसे पारित किया जाय।

**श्रीमती श्वेता राय** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, शौचालय निर्माण का प्रस्ताव है, इसे पारित किया जाय।

प्रस्ताव संख्या-411:- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-68, 62 एवं 52 के अन्तर्गत डीलक्स सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है, जो निम्नवत् है:-**

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount |
|---|---|---|
| 1. | Construction of Deluxe Public Toilet (Size 50'x12') Near Bahari Dhawalpura Shanidev Mandir Under Ward no-68 Under Patna City Division , PMC, Patna. | 29,52,655.00 |
| 2. | Construction of Deluxe Public Toilet (Size 50'x12') at R,O.B. Pull Patna city Division under Ward no 62 Under Patna City Division , PMC, Patna. | 45,81,454.00 |
| 3 | Construction of Deluxe Public Toilet (Size 30'x30') with 01 year operation and Maintenance in Raja Ghat in Ward no-52 Under Azimabad Division , PMC, Patna. | 36,13,139.00 |

मद संख्या-21 :- **दीघा रोड, घुरदौड़ से अस्सी अस्पताल के पश्चिम ज्ञान निकेतन गर्ल्स स्कूल तक सड़क का नाम आचार्य किशोर कुणाल के नाम से नामकरण करने के संबंध में।**

अध्यक्ष :- इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

महापौर
पटना नगर निगम

**नगर आयुक्त :-** वार्ड संख्या-01 स्थित दीघा रोड, घुरदौड़ से अस्सी अस्पताल के पश्चिम ज्ञान निकेतन गर्ल्स स्कूल तक सड़क का नाम आचार्य किशोर कुणाल के नाम से नामकरण करने का प्रस्ताव है। स्व0 आर्चाय किशोर कुणाल पटना प्रतिष्ठित व्यक्ति थे तथा भारतीय पुलिस सेवा के कर्मठ पदाधिकारी थे।

**डा0 आशीष कु0 सिन्हा :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, आचार्य किशोर कुणाल जी द्वारा पटना में भव्य एवं विशाल महावीर मंदिर का निर्माण कराया एवं उससे प्राप्त होने वाली राशि से आमजनों के लिए अस्पताल एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध करायी है। उनके नाम पर नामकरण के प्रस्ताव को पारित किया जाय।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ इसे पारित किया जाय।

**प्रस्ताव संख्या-412 :-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि दीघा रोड, घुरदौड़ से अस्सी अस्पताल के पश्चिम ज्ञान निकेतन गर्ल्स स्कूल तक सड़क का नाम आचार्य किशोर कुणाल के नाम से नामकरण करने के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।**

**मद संख्या-22+23 :-** **पटना नगर निगम के वार्ड संख्या-30 के अन्तर्गत जल-जमाव की योजनाओं के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** जल-जमाव की योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** पटना नगर निगम के माननीया पार्षद द्वारा वहाँ के आमलोंगो की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण से संबंधित योजना के निर्माण कार्य हेतु निवेदित किया गया है, जिससकी विवरणी निम्नवत् है :-

महापौर
पटना नगर निगम

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount |
| --- | --- | --- |
| 1. | पटना नगर निगम के वार्ड संख्या-30 Construction of U/G Drain & P.C.C. Road From H/0 Adharsh Nagar Road No-02 near Jyotish Path कार्य। | 22,85,623.00 |
| 2. | पटना नगर निगम के वार्ड संख्या-30 Construction of U/G Drain & P.C.C. Road From H/0 Anil Yadav to H/O Awdhesh kumar singh in New Bigrapur कार्य। | 9,97,743.00 |

**जिसकी स्वीकृति हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।**

**श्रीमती श्वेता राय** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-30 में सड़क निर्माण का प्रस्ताव है, सड़क निर्माण हो जाने से संबंधित वार्ड के जनता का जल-जमाव से राहत मिल जाएगा। इसे पारित किया जाय।

**श्रीमती कांति देवी** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह जनहित का प्रस्ताव है, इसे पारित किया जाय।

प्रस्ताव संख्या-413:- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-30 अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है, जो निम्नवत् है:-**

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount |
| --- | --- | --- |
| 1. | पटना नगर निगम के वार्ड संख्या-30 Construction of U/G Drain & P.C.C. Road From H/0 Adharsh Nagar Road No-02 near Jyotish Path कार्य। | 22,85,623.00 |
| 2. | पटना नगर निगम के वार्ड संख्या-30 Construction of U/G Drain & P.C.C. Road From H/0 Anil Yadav to H/O Awdhesh kumar singh in New Bigrapur कार्य। | 9,97,743.00 |

मद संख्या-24 :- **वार्ड संख्या-08 अन्तर्गत विभिन्न सड़कों का पी0सी0सी0 करने के संबंध में।**

**अध्यक्ष** :- वार्ड संख्या-08 अन्तर्गत विभिन्न सड़कों का पी0सी0सी0 कार्य का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

सीता साहू
महापौर
पटना नगर निगम

**नगर आयुक्त** :- माननीया वार्ड पार्षद द्वारा वहाँ के आमलोंगो की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सड़क एवं नाला/मैनहॉल निर्माण हेतु निवेदित किया गया, जिसके आलोक में संबंधित अभियंताओं द्वारा स्थल निरीक्षणोपरान्त प्राक्कलन तैयार किया गया है, जिसकी विवरणी निम्न है :-

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount |
|---|---|---|
| 1. | **Construction of PCC Road & Raising Of Manhole from Rahul Medicial Dawakhana to National Public school in ward no-08** | **14,56,300.00** |
| 2. | **Construction of PCC Road & Raising Of Manhole from Vishwanath Thakur House to Deep Market Chauraha in ward no-08** | **14,08,700.00** |
| 3 | **Construction of PCC Road & Raising Of Manhole from Navin Jha ji House To Bishram Bhagat of Panch Mandir in ward no-08** | **29,94,600.00** |
| 4 | **Construction of PCC Road & Raising Of Manhole from Karnal Dhiraj Kumar Gautam House to Manglam apartment in ward no-08** | **12,19,200.00** |

अतः वर्णित योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सशक्त स्थायी समिति से विमर्श एवं निर्णय हेतु रखा गया है।

**श्री बिनोद कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह जनहित का प्रस्ताव है, इसे पारित किया जाय।

**श्री मनोज कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह जनहित का प्रस्ताव है, इसे पारित किया जाय

**प्रस्ताव संख्या-414:-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-08 अन्तर्गत विभिन्न सड़कों का पी0सी0सी0 कार्य करने के प्रस्ताव की प्रशासनिक स्वीकृति सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है, जो निम्नवत् है:-**

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount |
|---|---|---|
| 1. | **Construction of PCC Road & Raising Of Manhole from Rahul Medicial Dawakhana to National Public school in ward no-08** | **14,56,300.00** |



महापौर
पटना नगर निगम

| | | |
|---|---|---|
| 2. | Construction of PCC Road & Raising Of Manhole from Vishwanath Thakur House to Deep Market Chauraha in ward no-08 | 14,08,700.00 |
| 3 | Construction of PCC Road & Raising Of Manhole from Navin Jha ji House To Bishram Bhagat of Panch Mandir in ward no-08 | 29,94,600.00 |
| 4 | Construction of PCC Road & Raising Of Manhole from Karnal Dhiraj Kumar Gautam House to Manglam apartment in ward no-08 | 12,19,200.00 |

**मद संख्या-25 :-** **वार्ड संख्या-58 के अन्तर्गत काशमीरी कोठी से सरयुग प्रसाद जी के मकान तक पी0सी0सी0 सड़क एवं नाला निर्माण के संबंध में।**

**अध्यक्ष** :- पी0सी0सी0 सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त** :- माननीया पार्षद द्वारा वहाँ के आमलोंगो की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सड़क/नाला निर्माण हेतु निवेदित किया गया है, जिसके आलोक में संबंधित अभियंताओं द्वारा स्थल निरीक्षणोपरान्त प्राक्कलन तैयार किया गया है, जो निम्नवत् है :-

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount |
|---|---|---|
| 1. | Construction of PCC Road & RCC Drain From Kashmiri Kothi to saryug Prasad ji in ward no. 58 Under Azimabad Division PMC, patna | 7,05,927.00 |

अत: वर्णित योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सशक्त स्थायी समिति से विमर्श एवं निर्णय हेतु रखा गया है।

**श्री बिनोद कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह जनहित का प्रस्ताव है, इसे पारित किया जाय।

**श्रीमती श्वेता राय** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह जनहित का प्रस्ताव है, इसे पारित किया जाय

सीता साहू
महापौर
पटना नगर निगम

**प्रस्ताव संख्या-415:-** <u>सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-58 के अन्तर्गत काशमीरी कोठी से सरयुग प्रसाद जी के मकान तक पी0सी0सी0 सड़क एवं नाला निर्माण कार्य के प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है, जो निम्नवत् है:-</u>

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount |
|---|---|---|
| 1. | Construction of PCC Road & RCC Drain From Kashmiri Kothi to saryug Prasad ji in ward no. 58 Under Azimabad Division PMC, patna | 7,05,927.00 |

मद संख्या- 26:- **वार्ड संख्या-42 अन्तर्गत काजीपुर रोड नं0-02 से क्वार्टर नं0-2/28 से शकरखार हाउस एवं क्वार्टर नं0-2/28 से ए0एस0जी0 आई हॉस्पिटल तक डी0आई0 जलापूर्ति पाईप लाईन विस्तार का कार्य का तकनिकी अनुमोदन/ प्रशासनिक स्वीकृति एवं निधि आवंटन के संबंध में।**

**अध्यक्ष** :- पाईप लाईन विस्तार का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**श्री मनोज कुमार** :-माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-42 में पाईप लाईन विस्तार का प्रस्ताव है। पेय जल समस्या को देखते हुए पाईप लाइन का विस्तार किया जा सकता है।

**नगर आयुक्त** :- कार्यपालक अभियंता, बाँकीपुर प्रमंडल पाईप लाइन विस्तार में क्या समस्या है.

**कार्य0अभि0** :- जो बोरिंग हुआ था वह फेल हो गया, उससे बालू निकल रहा है। अब दूसरे बोरिंग से पाईप लाइन जोड़ने का प्रस्ताव है। इसकी डी0पी0आर0 तैयार किया जा रहा है।

**नगर आयुक्त** :- नगर निगम के छः प्रमंडलों में पेय जल के रख-रखाव का कार्य जलापूर्ति शाखा द्वारा किया जा रहा है। क्यों नहीं जलापूर्ति शाखा का कार्य सभी छः प्रमंडलों के अन्तर्गत कर दिया जाय। इससे कार्य में प्रगति आएगी। और जलापूर्ति से संबंधित कार्य की जिम्मेवारी संबंधित अभियंता की होगी।



महापौर
पटना नगर निगम

**डा0 आशीष कु0 सिन्हा** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, प्रमंडल से जलापूर्ति का कार्य को विकेन्द्रीकरण करने से कार्य में प्रगति आएगी। इस प्रस्ताव को पारित किया जा सकता है।

**श्री मनोज कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, जलापूर्ति शाखा में पदस्थापित अभियंता को प्रत्येक प्रमंडल में पदस्थापित करने से कार्य में प्रगति आएगी। यह प्रस्ताव जनहित में है, इसे अगले बैठक में संलेख के साथ लाया जाए।

मद संख्या-27 :- **वार्ड संख्या-63 के अन्तर्गत मोगलपुरा चौकी उच्च जल प्रवाही नलकूप अधिष्ठापन के लिए री-टेन्डर करने के संबंध में।**

**अध्यक्ष** :- इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

**श्री मनोज कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-63 के अन्तर्गत मोगलपुरा पुलिस चौकी है। जहाँ उच्च प्रवाह बोरिंग अधिष्ठापन का प्रस्ताव है। पूर्व में बोरिंग अधिष्ठापन के लिए निविदा हुई। लेकिन बोरिंग नहीं हो सका।

**नगर आयुक्त** :- कार्यपालक अभियंता, अजीमाबाद प्रमंडल स्पष्ट करें।

**कार्य0अभि0,अ0प्र0**:- माननीया अध्यक्ष महोदया, मोगलपुरा पुलिस चौकी में उच्च प्रवाह बोरिंग के लिए पूर्व में निविदा हुई थी। संवेदक द्वारा कार्य नहीं करने के कारण पुर्ननिविदा का प्रस्ताव है।

**श्री बिनोद कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं प्रस्ताव से सहमत हूँ, इसे पारित किया जाय।

प्रस्ताव संख्या-416:- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-63 के अन्तर्गत मोगलपुरा चौकी उच्च जल प्रवाही नलकूप अधिष्ठापन के लिए री-टेन्डर करने के प्रस्ताव की स्वीकृति सशक्त स्थायी समिति द्वारा प्रदान की जाती है।**

मद संख्या-28 :- **वार्ड संख्या-67 के अन्तर्गत जल-जमाव हेतु नाला निर्माण के संबंध में।**



महापौर
पटना नगर निगम

**अध्यक्ष** :- नाला निर्माण कार्य का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त** :- माननीया पार्षद द्वारा वहाँ के आमलोंगो की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सड़क/नाला निर्माण हेतु निवेदित किया गया है, जिसके आलोक में संबंधित अभियंताओं द्वारा स्थल निरीक्षणोपरान्त प्राक्कलन तैयार किया गया है, जो निम्नवत् है :-

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount |
|---|---|---|
| 1. | **Construction of RCC Drain in Dhawalpura chauki morcha road from ramdas ji House to Surender ji house in ward no-67 under patna city division, PMC, Patna** | **39,95,123.00** |
| 2. | **Construction of RCC Drain in Chamdoriaya from nagendra ji house to kapil ji house in ward no-67 under patna city division, PMC, Patna** | **5,77,580.00** |

अत: वर्णित योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सशक्त स्थायी समिति से विमर्श एवं निर्णय हेतु रखा गया है।

**श्री बिनोद कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया वहाँ काफी जल-जमाव होता है, जिसके कारण नागरिकों को आवागमन में काफी समस्या होती है। इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

**श्रीमती कावेरी सिंह** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह जनहित का प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

प्रस्ताव संख्या-417:- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-67 के अन्तर्गत जल-जमाव हेतु नाला निर्माण कार्य के प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है, जो निम्नवत् है :-**

महापौर
पटना नगर निगम

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount |
|---|---|---|
| 1. | **Construction of RCC Drain in Dhawalpura chauki morcha road from ramdas ji House to Surender ji house in ward no-67 under patna city division, PMC, Patna** | **39,95,123.00** |
| 2. | **Construction of RCC Drain in Chamdoriaya from nagendra ji house to kapil ji house in ward no-67 under patna city division, PMC, Patna** | **5,77,580.00** |

**मद संख्या- 29 :- वार्ड संख्या-63 के अन्तर्गत के0बी0एम0 रोड हरनाहा टोला में हाई यील्ड बोरिंग का अधिष्ठापन के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियन्ता, अजीमाबाद प्रमंडल, स्पष्ट करें।

**कार्य0अभि0,अ0प्र0 :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, बोरिंग अधिष्ठापन के लिए आर0सी0डी0 से एन0ओ0सी0 मांगा गया है। एन0ओ0सी0 प्राप्त होने के बाद बोरिंग अधिष्ठापन की कार्रवाई की जाएगी।

**मद संख्या- 30:- वार्ड संख्या-25 क्षेत्रान्तर्गत नया बोरिंग( हाईयील्ड ) अधिष्ठापन के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियन्ता, पाटलिपुत्र प्रमंडल, स्पष्ट करें।

**कार्य0अभि0,पा0प्र0 :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-25 में नया बोरिंग अधिष्ठापन का प्रस्ताव है। अंचल स्तर पर जाँच किया जा चुका है। स्वीकृति हेतु मुख्यालय में भेजा जाना है।

**बिनोद कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, हाई यील्ड बोरिंग से संबंधित जिन-जिन वार्डो का प्रस्ताव है, उसका संलेख अगली बैठक में उपस्थापित किया जाय।



सीता साहु
महापौर
पटना नगर निगम

**मद संख्या-31 :-** **वार्ड संख्या-67 के अन्तर्गत पुराने बोरिंग के स्थान पर नया बोरिंग करने के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियन्ता, जलापूर्ति, स्पष्ट करें।

**कार्य0अभि0,जलापूर्ति :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, पुराने बोरिंग के स्थान पर नया बोरिंग अधिष्ठापन हेतु प्राक्कलन तैयार कर मुख्यालय में भेजा गया है।

**नगर आयुक्त :-** प्राक्कलन पर स्वीकृति प्राप्त कर शीघ्र कार्रवाई करें।

**मद संख्या-32 :-** **वार्ड संख्या-07 के अन्तर्गत जलापूर्ति पाईप लाईन का विस्तार के संबंध में।**

**(क) महेश नगर रोड-03 ए से अटल पथ)**
**(ख) महेश नगर रोड नं0-3बी से नाला तक**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियन्ता, जलापूर्ति, स्पष्ट करें।

**कार्य0अभि0,जलापूर्ति :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, महेश नगर रोड-03 ए से अटल पथ) एवं महेश नगर रोड नं0-3बी से नाला तक पाईप लाईन का विस्तार हेतु प्राक्कलन तैयार मुख्यालय में भेजा गया है। स्वीकृति मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**डा0 आशीष कु0 सिन्हा :-** माननीया अध्यक्ष महोदया के माध्यम से नगर आयुक्त साहब को बताना चाहता हूँ कि जितने भी स्कीम का प्राक्कलन तैयार हो गया है उस पर कार्य होना चाहिए।

**मद संख्या-33 :-** Construction of High Yield Tube well at Choumine Factory , Tilak Nagar More, Rukanpura Ward no-02

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है।



महापौर
पटना नगर निगम

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियन्ता, जलापूर्ति, स्पष्ट करें।

**कार्य0अभि0,जलापूर्ति** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-02 के अन्तर्गत उच्च प्रवाही बोरिंग तिलक नगर मोड़, रूकनपुरा में अधिष्ठापन के लिए प्राक्कलन तैयार कर दिनांक-10.01.2025 को मुख्यालय में भेजा गया है। स्वीकृति होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियन्ता, जलापूर्ति तकनीकि स्वीकृति प्राप्त कर लें एवं इस तरह के जितने भी बोरिंग अधिष्ठापन के मामले है सभी की सूची बनाकर तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर लें।

मद संख्या-34 **वार्ड संख्या-27 के अन्तर्गत ध्वस्त पम्प हाउस को नया सम्प हाउस बनाने एवं पाईप लाइन विस्तार के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियन्ता, जलापूर्ति, स्पष्ट करें।

**कार्य0अभि0,जलापूर्ति** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-27 में बोरिंग के लिए स्थल नहीं है।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक पदाधिकारी/अभियन्ता, माननीय पार्षद के साथ बोरिंग के लिए स्थल जाँच कर लें।

मद संख्या-35 :- **वार्ड संख्या-04 के अन्तर्गत हाई यील्ड बोरिंग के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियन्ता, जलापूर्ति, स्पष्ट करें।

**कार्य0अभि0,जलापूर्ति** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-04 में हाई यील्ड बोरिंग अधिष्ठापन का कार्य बुडको द्वारा किया जाना है। इसमें ओभर हेड टैंक से जलापूर्ति करने का प्रस्ताव है।

महापौर
पटना नगर निगम

**मद संख्या-36 :- वार्ड संख्या-62 में नया टियूब बेल से D.I पाईप बिछाने के संबंध में।**

**अध्यक्ष** :- इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

**नगर आयुक्त** :- कार्यपालक अभियन्ता, जलापूर्ति, स्पष्ट करें।

**कार्य0अभि0,जलापूर्ति** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-62 में नया बोरिंग से से D.I पाईप विस्तार करने का प्रस्ताव है। प्राक्कलन तैयार कर मुख्यालय भेजा गया है।

**नगर आयुक्त** :- पाईप विस्तार की सैंद्धान्तिक स्वीकृति दिया जा सकता है।

**श्री मनोज कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, इसे पारित किया जाय।

**श्री बिनोद कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, पेय जल की समस्या को देखते हुए पाईप विस्तार के प्रस्ताव की स्वीकृति दी जा सकती है।

**श्रीमती कावेरी सिंह** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ, इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

प्रस्ताव संख्या- 418:- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-62 में नया टियूब बेल से D.I पाईप विस्तार के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।**

मद संख्या-37 :- **वार्ड संख्या-68 के अन्तर्गत बाहरी धवलपुरा, शनिदेव मन्दिर के पास डीलक्स सार्वजनिक शौचालय का निर्माण।**

**श्री बिनोद कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, मद संख्या-19+20+37 का संलेख एक साथ था। इसी स्वीकृति दी जा चुकी है।

मद संख्या-38 :- **मारूफगंज मंडी के बड़ी देवी जी सड़क को अशोक राजपथ से सिधे उत्तर दिशा की ओर जाती है जर्जर अवस्था में है, उसे मरम्मति कराने के संबंध में।**

सीताराह
महापौर
पटना नगर निगम

अध्यक्ष :- इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

नगर आयुक्त :- मुख्यमंत्री समग्र योजना में इस योजना को शामिल किया गया है या नहीं इसे देखकर अगली बैठक में संलेख लाया जाएगा।

**मद संख्या- 39:- वार्ड संख्या-54 अन्तर्गत निम्नांकित क्षेत्रों में मेन पाईप विस्तार करने के संबंध में।**

**(क) शेरशाह रोड से बेलदार टोली**

**(ख) काली मंदिर के सामने शिव पान वाला गली, बिस्कोमान कॉलनी**

**(ग) काली मंदिर के सामने वाटर पंप के पूर्व अपार्टमेंट वाला गली**

**(घ) पीतांबरा मंदिर कॉलनी रोड संख्या-02 दयानन्द जी के मकान से विनोद पंडित जी के मकान तक**

**(ड) नहर रोड कुशवाहा पंचित बैठक से उत्तर राहूल मेहता जी के मकान तक( 80मीटर**

अध्यक्ष :- इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

नगर आयुक्त :- कार्यपालक अभियन्ता, अजीमाबाद प्रमंडल, स्पष्ट करें।

कार्य0अभि0,अ0 प्र0 :- माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-54 के अन्तर्गत पाईप लाइन विस्तार का प्रस्ताव है। जिसका प्राक्कलन तैयार कर मुख्यालय में भेजा गया है।

नगर आयुक्त :- प्राक्कलन की स्वीकृति प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करें।

**मद संख्या-40 :- श्री अवधेश कुमार सिंह, महापौर के निजी सहायक, पटना नगर निगम के बकाये मानदेय (संविदा) की राशि दिनांक-24.12.2023 से 26.08.2024 तक भुगतान के स्वीकृति के संबंध में।**

अध्यक्ष :- महापौर के निजी सहायक के बकाये मानदेय का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

डा0 आशीष कु0 सिन्हा :- माननीया अध्यक्ष महोदया, श्री अवधेश कुमार सिंह, महापौर के निजी सहायक, के बकाये मानदेय (संविदा) की राशि दिनांक-24.12.2023 से 25.08.2024 तक का भुगतान किया जाना है। दिनांक-26.08.2024 से अप्रैल

सीता साहू
महापौर
पटना नगर निगम

2025 तक भुगतान किया गया है। एस0के0 पटौदिया द्वारा किया गया है। पुनः मई 2025 से संविदा की राशि का भुगतान नहीं हो रहा है।

**नगर आयुक्त :-** श्री अवधेश कुमार सिंह जो संविदा पर कार्यरत है को 24.12.2023 से 25.08. 2024 की अवधि का भुगतान एजेंसी के माध्यम से एवं मई 2025 से जो कार्यरत है दोनो अवधि का भुगतान एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा।

**श्री मनोज कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, कार्य करने वाले कर्मचारी को एजेंसी के माध्यम से रखा जा सकता है और उन्हें एजेंसी द्वारा जो मानदेय भुगतान हो रहा था। अब उन्हें उसी दर पर मानदेय भुगतान किया जाय।

**श्री बिनोद कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, अनुभवी कर्मचारियों की कमी है। मैं माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ। इसे पारित किया जाय।

**उप-महापौर :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, श्री अवधेश कुमार सिंह अनुभवी कर्मचारियों है। मैं माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ। इसे पारित किया जाय।

